CNews सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-78
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

आज का विचार

जो व्यक्ति अपनी सोच बदल सकता है वो दुनिया बदलने की ताकत रखता है।

बिहार सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, रविवार, 23 जून 2024

मुजफ्फरपुर में अजब प्रेम की गजब कहानी, पति साली को लेकर भागा और मां समधी के साथ हुई फरार

अब न्याय के लिए ठोकर खा रही पीड़ित महिला

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ
मुजफ्फरपुर, बिहार के मुजफ्फरपुर में अजब प्रेम की गजब कहानी सामने आई है। यहां एक महिला का पति अपनी 13 साल की नाबालिक साली को लेकर फरार हो गया जबकि पीड़िता की मां अपने समधी के साथ फरार हो गई है। अब पीड़ित महिला न्याय के लिए थाने का चक्कर लगा रही है और उन्हें कही से भी ढूंढ कर लाने की पुलिस से गुहार लगा रही है। दरअसल, मुजफ्फरपुर की फरीदपुर गांव निवासी सुधा की शादी बोचहां थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी बिराजी भगत के 22 वर्षीय बेटे छोटू कुमार के साथ हुई थी। शादी के बाद सुधा ने एक बेटी को जन्म दिया। सबकुछ ठीक चल रहा था कि इसी बीच सुधा का पति छोटू अपनी 12 साल की साली से फोन पर बातचीत करने लगा। धीरे-धीरे दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो गया।साली के प्यार में पागल छोटू पत्नी सुधा से दूरी बनाने लगा और बात-बात पर उसके साथ झगड़ा करना शुरू कर दिया। बीते तीन जून को सुधा का पति छोटी अपनी नाबालिग साली को लेकर फरार हो गया। दोनों ने मुजफ्फरपुर स्टेशन के पास जाकर शादी रचा ली और दिल्ली चले गए। सुधा अपने मायके चली आई और घटना की जानकारी अपनी मां दो दी। इसके बाद सुधा की मां फूल कुमारी अकेले ही बेटी के ससुराल अपनी छोटी बेटी को तलाश करने पहुंची और वह भी लापता हो गई।बाद में सुधा को जानकारी मिली कि उसकी मां भी उसके ससुर बिराजी भगत के साथ फरार हो गई है और दोनों दिल्ली चले गए हैं। सुधा ने बताया कि उसके पति और बहन की शादी कराने में भी उसकी मां का ही हाथ था। सुधा ने थाने में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

विधानसभा चुनाव से पहले जनता के बीच जाएंगे तेजस्वी

खुद बताया कब से शुरू करेंगे बिहार यात्रा

पटना, लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद अब बिहार में विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी गई है। सभी दल अपने अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव में पार्टी की स्थिति को लेकर फीडबैक ले रहे हैं। इसी बीच आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने एलान कर दिया है कि विधानसभा चुनाव से पहले वह एक बार फिर जनता के बीच जाएंगे।
तेजस्वी ने कहा कि 15 अगस्त के बाद हमलोग मिलकर कार्यक्रम तय करेंगे और उसके बाद जनता के बीच में ही रहेंगे। जब से सरकार गई तो हमने विधानसभा में भी कहा था कि नीतीश कुमार ने हमको वनवास नहीं दिया है बल्कि जनता के बीच भेजने का काम किया है। तभी से लगातार हम यात्रा कर रहे हैं। सड़क मार्ग के जरिए लगातार पूरे बिहार की यात्रा की है।
तेजस्वी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान हमने 250 से ज्यादा रैलियां की। हर जगह गए और जनता के बीच रहे और 15 अगस्त के बाद लगातार जनता के बीच ही हम रहेंगे। लोगों से मुलाकात करेंगे और जनता के बीच रहकर जनता की आवाज को उठाने का काम करेंगे।
उन्होंने कहा कि इन लोगों ने तो बिहार में आरक्षण को खत्म कर दिया, अब जो राज्य में नई बहाली निकल रही है, उसमें तो बिहार के लोगों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलने वाला है। सत्ता में बैठे लोग मजे ले रहे हैं लेकिन हम लोग इसके खिलाफ सड़क पर आएंगे और जनता की आवाज उठाएंगे।

अयोध्या में सरयू में जल समाधि लेकर अपनी लाज बचा लें सम्राट चौधरी

BJP के पूर्व महामंत्री ने कहा-अब निर्लज्ज जीवन जीने से क्या फायदा?

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ
पटना, अपनी पगड़ी के लिए चर्चित रहे बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी 2 जुलाई को अयोध्या जा रहे हैं. सम्राट चौधरी ने कहा है कि वे अयोध्या जाकर मुंडन करायेंगे और अपनी पगड़ी को सरयू नदी में प्रवाहित करेंगे. ये वही पगड़ी है जिसको लेकर सम्राट चौधरी ने कसम खायी थी कि वह नीतीश कुमार को सत्ता से हटा कर ही पगड़ी उतारेंगे. लेकिन अब बीजेपी के पूर्व प्रदेश महामंत्री ने सम्राट चौधरी को सलाह दी है कि वे पगड़ी के बजाय खुद सरयू नदी में जल समाधि ले लें. ताकि उनकी लाज बच जाये.
चरण चुंबन कर रहे हैं सम्राट
भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश महामंत्री सुधीर शर्मा ने कहा है कि बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार के मुख्यमंत्री पद से नीतीश कुमार को हटाने की कसम खाई थी और उसके प्रतीक के तौर पर हमेशा पगड़ी बांधे रहते थे. अब जब वे नीतीश कुमार के चरण चुंबन में लग गए तो निर्लज्जता के साथ पगड़ी हटाने का कोई उपाय खोज रहे हैं.
सुधीर शर्मा ने कहा है कि वैसे भी भाजपा के लिए पिछले लोकसभा चुनाव में सम्राट चौधरी पूरी तरह अनुपयोगी साबित हुए हैं. बीजेपी ने जिस योजना के तहत उन्हें डिप्टी सीएम और प्रदेश अध्यक्ष बनाया था वह पूरी तरह फेल हो गया. सम्राट चौधरी का तथाकथित वोट बैंक राजद और कांग्रेस के साथ चला गया. ऐसे में अब सम्राट चौधरी ने ये घोषणा किया है कि वे अयोध्या जाकर सरयु नदी में पगड़ी को प्रवाहित करेंगे और मुंडन कराएंगे. सुधीर शर्मा ने कहा है कि राजनीति में लोग सम्मान स्वाभिमान के लिए आते हैं . सम्राट चौधरी ने तो कम उम्र में सभी दलों से घूमते हुए भाजपा में उस पद को प्राप्त कर लिया है जो केवल स्वर्गीय सुशील मोदी को ही कुछ दिनों के लिए प्राप्त हुआ था. अब निर्लज्ज जीवन जीने से क्या फायदा? त्रेता युग में भगवान राम ने सरयु नदी में जल समाधि लिया था. अब सम्राट चौधरी भी उसी परंपरा का पालन करते हुए नीतीश जी की चाकरी करने के बजाय अयोध्या में सरयु नदी में जल समाधि लेकर इतिहास में अपना नाम अमर करें.

चुनावी रंजिश में मारे गए राजद कार्यकर्ता चंदन यादव के घर छपरा पहुंचे तेजस्वी यादव

मृतक के परिजनों से की मुलाकात

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ
छपरा, सारण लोकसभा चुनाव के बाद छपरा में चुनावी रंजिश में एक राजद कार्यकर्ता 25 वर्षीय चंदन यादव की हत्या कर दी गयी थी। घटना छपरा के नगर थाना अंतर्गत भिखारी ठाकुर चौक पर हुई थी। इस दौरान गोली लगने से तीन लोग भी घायल हो गये थे। चुनावी रंजिश में मारे गये राजद कार्यकर्ता चंदन कुमार यादव के परिजनों से मिलने के लिए शनिवार को तेजस्वी यादव पहुंचे। मृतक चंदन यादव के तैलिय चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद तेजस्वी यादव ने परिजनों से मुलाकात की। कहा कि चुनाव आयोग ने हमलोगों को मिलने की अनुमति नहीं दी थी, लेकिन इसके बावजूद हमलोग मिलने आए हुए हैं। उन्होंने कहा कि छपरा के पीड़ित परिवार को न्याय मिलनी चाहिए। क्योंकि पीड़ित परिवार ने एक जवान बेटा को खोया है।
शनिवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव छपरा पहुंचकर सबसे पहले मुफ्फस्सिल थाना क्षेत्र के मेथवलिया गांव पहुंचे जहां मृतक के परिजनों से मुलाकात की। उसके बाद नगर थाना क्षेत्र के राहत रोड स्थिति आपसी विवाद में घायल युवती से मिलने पहुंचे। उसके बाद नगर थाना क्षेत्र के ही तेलपा गांव पहुंच कर मृतक चंदन यादव और घायल गुड्डू राय के परिजनों से घटना की जानकारी ली।
परिजनों से मिलने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाकर रहेंगे। एसपी से लेकर डीजीपी से भी मिलेंगे और फरार चल रहे अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग करेंगे। प्रशासन दबाव में काम कर रही है। प्रशासन से अपील करेंगे कि वो किसी के दबाव में नहीं आए। सच्ची घटना के हिसाब से पीड़ितों को न्याय दिलाए।
उन्होंने कहा कि लॉ एंड आर्डर के हिसाब से कार्य करना चाहिए। पूरे बिहार में अपराध का ग्राफ बढ़ गया है। बिहार में हत्या लूट और मर्डर की घटनाएं घट रही है। सिर्फ हत्याएं नही हो रही है। बल्कि बिहार में पुल पर पुल गिर रहे हैं। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहा है। दिनों दिन भ्रष्टाचार बढ़ गया है। लगातार पेपर लीक हो रहा है। लगातार पुल गिरे जा रहे है। लगातार ट्रेन की दुर्घटना हो रही है। लेकिन शासन के लोग चुप बैठे हुए है।

अपराधियों के मंसूबे पर पुलिस ने फेरा पानी

हाजीपुर में हथियार के साथ 5 बदमाश गिरफ्तार

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ
हाजीपुर, हाजीपुर के बेलसर थाना क्षेत्र में अपराध की योजना बना रहे 5 अपराधियों को पुलिस ने देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की बाइक और कैश भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार बदमाशों को जेल भेज दिया गया है। इस बात की जानकारी एसपी हरकिशोर राय ने दी। लालगंज में प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि बेलसर थाने की पुलिस को इस बात की गुप्त सूचना मिली थी कि सिंहमां कंठ डोमा चौक तालाब के पास 3 बाइक पर सवार 7 अपराधी अवैध हथियार के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठा हुए है। सूचना मिलते ही बेलसर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देख सभी अपराधी भागने लगे। लेकिन खदेड़कर पुलिस कर्मियों ने 5 अपराधियों को धड़ दबोचा। जबकि दो अपराधी मौके से फरार हो गये। गिरफ्तार अपराधियों में रौशन कुमार, नीरज कुमार, सौरभ मिश्रा उर्फ रौशन मिश्रा, रोहित कुमार एवं राजन चौधरी शामिल है। जब गिरफ्तार अपराधियों की तलाशी ली गयी तब राजन चौधरी के पास से 01 लोडेड देसी कट्टा, रौशन कुमार के पास से 01 जिन्दा कारतूस, सौरभ कुमार उर्फ रौशन मिश्रा, के पास से 01 लोडेड देसी कट्टा, नीरज कुमार के पास से 01 जिन्दा कारतूस और रोहित कुमार के पास से 01 जिन्दा कारतूस और 3 मोटरसाईकिल, 2 मोबाईल बरामद किया गया है। जब्त बाइक में दो 2 मोटरसाईकिल चोरी की है।
इस संदर्भ में वैशाली (बेलसर) आर्म्स एक्ट दर्ज कर गिरफ्तार सभी अपराधकर्मियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। गिरफ्तार अपराधियों से जब कड़ाई से पूछताछ की गयी तब बताया कि 18 जून को बेलसर थानान्तर्गत मोटरसाईकिल एवं मोबाईल लूट की घटना (वैशाली बेलसर) थाना इलाके में अंजाम दिया था। इनकी निशानदेही पर लूटी गई मोटरसाईकिल एवं मोबाईल को बरामद कर लिया गया है। अभियुक्त नीरज कुमार ने बताया कि लूटी गयी मोबाईल से 5000 रूपये अपने मोबाईल में पे फोन के माध्यम से ट्रांसफर किया गया था। वही फरार सभी अपराधियों की पहचान कर ली गई है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

हथियार की खरीद-बिक्री करते 3 आर्म्स सप्लायर गिरफ्तार

हथियार और कारतूस भी बरामद

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ
सहरसा, सहरसा के सलखुआ थाना क्षेत्र के हरिपुर गांव से पुलिस और डीआईयू की टीम ने हथियार के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक देसी कट्टा और चालीस गोली बरामद किया गया है। डीएसपी मुकेश कुमार ठाकुर ने इस बात की जानकारी दी। बताया कि सलखुआ थानाध्यक्ष और डीयूआई की टीम ने हरिपुर गांव में संयुक्त छापेमारी कर तीन बदमाशों को एक देसी कट्टा, 40 कारतूस, तीन मोबाइल, एक बुलेट के साथ पकड़ा है। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली की सलखुआ थाना के हरिपुर गांव में अवैध हथियार की खरीद बिक्री की जा रही है। जिसके बाद कार्रवाई कर इन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तीनों अपराधी की पहचान सलखुआ थाना के हरिपुर गांव निवासी स्व. रामचंद्र यादव के पुत्र ललन यादव, सतवेर गांव निवासी मोहित यादव के पुत्र रविन्द्र यादव एवं खगड़िया जिले के चौथम थाना क्षेत्र के सिसवा गांव निवासी जगदीश यादव के पुत्र विपीन यादव के रूप में पहचान की गई है। फिलहाल गिरफ्तार सभी को अपराधियों को जेल भेजा गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

अपहरण कर पिता से मांगी फिरौती

फेसबुक पर की दोस्ती फिर नौकरी के लिए बुलाया मोतिहारी

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ
मोतिहारी, मौजूदा दौर में युवाओं के बीच ऑनलाइन दोस्ती करने का चलन तेजी से बढ़ रहा है. वहीं कई बार लोगों को ऑनलाइन दोस्ती का खामियाजा भी भुगतना पड़ता है. सोशल साइट्स पर अक्सर लोगों से दोस्ती कर अपनी निजी जानकारी तक साझा कर देते हैं. साइबर अपराधी जिसका उपयोग अपने फायदे के लिए करते हैं. ऐसा ही एक मामला मोतिहारी से सामने आया है. जहां एक लड़के से पहले फेसबुक पर कुछ युवकों ने दोस्ती की और फिर काम देने के नाम पर बुलाकर रंगदारी की मांग करने लगे. दरअसल मोतिहारी और कटिहार के कुछ युवकों ने फेसबुक के माध्यम से जलपाईगुड़ी के एक युवक से दोस्ती की. जिसके बाद युवकों को नौकरी देने के नाम पर मोतिहारी बुलाया. पुलिस मोतिहारी तक ना पहुंचे इसलिए मोतिहारी के युवकों ने कटिहार के युवक को नौकरी के नाम पर जलपाईगुड़ी के युवक को बुलाने को बोला था. मोतिहारी से निर्देश मिलने के बाद कटिहार के युवक ने जलपाईगुड़ी के युवक को मोतिहारी बुलाया. नौकरी की लालच में जलपाईगुड़ी का युवक ट्रेन पकड़कर मोतिहारी पहुंचा. मोतिहारी पहुंचने के बाद जलपाईगुड़ी का युवक छतौनी थाना क्षेत्र के दोनों युवकों से मिला जो उसे मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के समीर के घर पर लेकर गया. जलपाईगुड़ी का युवक जब खुद चलकर जाल में फंस गया तब उसे फेसबुक के दोस्तो की शैतानी चाल का पता चला. पर तब तक देर हो चुकी थी. समीर के घर पर जलपाईगुड़ी के युवक को पहले बेरहमी से पिटा गया और फिर मोतिहारी के युवकों ने उसे बंधक बनाया और उसे छोड़ने के बदलने में

तीन लाख की रंगदारी मांगने लगे. अपहृत युवक के पिता जब रंगदारी देने के लिए तैयार नहीं हुए तो उसकी पिटाई करते हुए का वीडियो बनाकर उसके पिता के पास आरोपियों ने भेज दिया. युवकों की प्लानिग थी कि ऐसे ही फेसबुक के माध्यम से दोस्ती कर नौकरी के नाम पर अन्य लोगों को भी बुलाया जाएगा और फिरौती लेकर छोड़ दिया जाएगा. इच बीच पीड़ित के पिटाई का वीडियो जब उसके पिता के पास जलपाईगुड़ी पहुंचा तो उन्होंने आनन फानन में जलपाईगुड़ी एसपी से संपर्क किया. जिसके बाद जलपाईगुड़ी एसपी ने मोतिहारी एसपी को पूरी मामले की जानकारी दी. जिसके बाद मोतिहारी पुलिस के टेक्निकल सेल के अलावा मुफ्फसिल थानाध्यक्ष को इस केस के बारे में जानकारी दी गई. मोतिहारी पुलिस ने जब अपहरणकर्ताओं का लोकेशन ट्रैक करना शुरू किया तो वो मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कटहॉ के पास मिला. जहां से मोतिहारी पुलिस ने ना सिर्फ अपहृत को सकुशल बरामद किया बल्कि मौके से दो अपहरणकर्ताओं को भी गिरफ्तार कर लिया है.